बर्षः- 05
अंकः- 302
मुरादाबाद
(Tuesday)
24 February 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राष्ट्रपति भवन में लुटियंस की जगह लगाई गई राजाजी की प्रतिमा, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया अनावरण



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल सी. राजगोपालाचारी की मूर्ति का अनावरण किया। यह मूर्ति एडविन लुटियंस की जगह लगाई गई है। यह कदम गुलामी की मानसिकता को छोड़कर भारतीय नायकों को सम्मान देने का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति और कई केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। राष्ट्रपति भवन में सोमवार को पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत को दर्शाने वाले राजाजी उत्सव का आरंभ हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस खास मौके पर उन्होंने सी. राजगोपालाचारी की मूर्ति का अनावरण किया। राजगोपालाचारी भारत के पहले और एकमात्र भारतीय गवर्नर-जनरल थे।राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह मूर्ति अशोक मंडप के पास बनी बड़ी सीढ़ियों पर लगाई गई है। यह मूर्ति वहां पहले से लगी एडविन लुटियंस की मूर्ति की जगह ली है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह बदलाव गुलामी की सोच को पीछे छोड़ने की एक कोशिश है। यह भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं को गर्व के साथ अपनाने का तरीका है। साथ ही, यह उन महान लोगों को सम्मान देने का प्रयास है जिन्होंने अपने असाधारण योगदान से भारत माता की सेवा की।राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि यह कदम देश के इतिहास को बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय नेताओं को पहचान देने की राष्ट्रीय कोशिश का प्रतीक है। सी. राजगोपालाचारी को लोग %राजाजी% के नाम से जानते हैं। वे एक मशहूर स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता और विद्वान थे। उन्होंने 1948 से 1950 तक भारत के आखिरी गवर्नर-जनरल के रूप में काम किया था।कार्यक्रम में कई नेता मंत्री रहे मौजूद- इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहे। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन और राजाजी के परिवार के सदस्य भी वहां उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि वे आज राजाजी उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लुटियंस की जगह राजाजी की मूर्ति लगाना गुलामी की निशानियों से दूर जाने की हमारी यात्रा का एक अहम पड़ाव है। यह कार्यक्रम दिखाता है कि सरकार राष्ट्रीय नायकों को सम्मान देने और देश की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने पर लगातार जोर दे रही है। पीएम मोदी ने बताया गौरव का क्षण- स अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में राष्ट्रपति द्वारा राजाजी के नाम से प्रसिद्ध चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण भारत की जनता के लिए गौरव का क्षण है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह अवसर और %राजाजी उत्सव% का आयोजन भारत के महत्वपूर्ण राष्ट्रनिर्माताओं में से एक की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने आगे कहा कि %राजाजी उत्सव% के अंतर्गत आयोजित होने वाले समारोह, जिनमें पुस्तक और पैनल प्रदर्शनी, फिल्म प्रदर्शन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हैं, एक महान नेता को श्रद्धांजलि हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्सप्रेसवे हादसे में पांच मौतें, आगरा में ड्राइवर ने पी थी शराब, बिहार के थे बस में सवार ज्यादातर यात्री

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे हादसे के पीछे की वजह सामने आ गई है। इसके पीछे ड्राइवर का शराब पीकर गाड़ी चलाने की वजह सामने आ रही है।डबल डेकर स्लीपर बस के चालक की लापरवाही ने पांच लोगों की जान ले ली। चालक के साथ परिचालक भी मौके से भाग निकला। घायल यात्रियों ने बताया कि रविवार शाम को चार बजे चालक बस लेकर निकला था। बस में पानीपत से भी कुछ यात्रियों को बिठाया गया था। बस में ज्यादातर बिहार और नेपाल के यात्री सवार थे। हादसे में घायल गौरव कुमार, ओमकार सिंह और रवींद्र कुमार ने बताया कि चालक ने आगरा में ढाबे पर बस रोकी थी। वहां उसने खाना खाने से पहले शराब पी थी। आरोप है कि आगरा से निकलने के बाद ही चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। कई यात्रियों ने उसे आराम से चलाने के लिए बोला, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। अत्यधिक नशे में होने के कारण चालक को झपकी आ गई और हादसा हो गया। धुलवाई- हादसे के बाद घटनास्थल पर चारों तरफ खून बिखरा था। एक्सप्रेसवे खून से सन गया था। पुलिस ने पास में चल रहे ट्यूबवेल से पानी लाकर सड़क को धुलवाया। बस को क्रेन की मदद से किनारे किया गया। घायलों ने बताया कि चालक के साथ परिचालक ने भी शराब पी थी। इसलिए दोनों हादसे के बाद भाग निकले।एक्सप्रेसवे पर लगा जाम, वीडियो वायरल- बस दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रफ्तार थम गई।

## मोहाली में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादवः बोले- SIR सिर्फ वोट काटने के लिए, यूपी की 37 विधानसभा में सिख कम्युनिटी




अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उनके धर्म के पूजनीय शंकराचार्य के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि दो उपमुख्यमंत्री उनके समर्थन में सामने आए हैं।समाजवादी पार्टी प्रमुख व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को पंजाब के मोहाली पहुंचे थे। अखिलेश यादव ने राजधानी दिल्ली की बुनियादी समस्याओं और देश के राजनीतिक हालात को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक्यूआई, ट्रैफिक, सीवर और धूल जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, लेकिन उनका समाधान नहीं किया गया।अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उनके धर्म के पूजनीय शंकराचार्य के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि दो उपमुख्यमंत्री उनके समर्थन में सामने आए हैं। अगर दो डिप्टी सीएम उनके साथ हैं तो सरकार कैसे चलेगी? लगता है कि सब मिलीभगत से काम कर रहे हैं। लोगों को उलझाए रखना और 'डिवाइड एंड रूल' की नीति अपनाना इनका उद्देश्य है।अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) सिर्फ वोट काटने के लिए लागू किया गया है। इस मुद्दे पर आईएनडीआईए गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और आगे भी एकजुट रहेगा। उत्तर प्रदेश 37 विधानसभा में सिख समाज के अधिकांश लोग रहते हैं। उत्तराखंड के साथ लगे यूपी के बॉर्डर क्षेत्र में सिख कम्युनिटी बसती है। ऐसे में उन सभी को अपने दस्तावेज ढूंढने पड़ेंगे कि वे वहां के स्थायी निवासी हैं या नहीं। अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराना है। उत्तर प्रदेश के चुनाव केवल 2027 के नहीं, बल्कि 2029 की लड़ाई की तैयारी भी हैं। हमें उन लोगों से सावधान रहना होगा जो समाज को बांटने की बात करते हैं। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष जनता के मुद्दों को लेकर एकजुट है और भाजपा की नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से मुकाबला करेगा।

## पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र;अवैध घुसपैठ और महिला सुरक्षा समेत उठाए कई मुद्दे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को पत्र लिखकर 'एबार भाजपा सरकार' का नारा दिया। उन्होंने राज्य सरकार पर कुशासन, तुष्टिकरण और महिलाओं की असुरक्षा का आरोप लगाया। केंद्र की योजनाओं का हवाला देते हुए पीएम ने बदलाव की अपील की। आइए, विस्तार से जानते हैं पीएम मोदी ने पत्र में क्या कुछ कहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को एक खुला पत्र लिखा है। इससे एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस पत्र में उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए राज्य की मौजूदा सरकार पर सीधा हमला बोला। पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर नागरिक आज दुखी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में माताएं और बहनें खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं और बदलाव अब अनिवार्य हो गया है।प्रधानमंत्री ने अपने पत्र की शुरुआत जय मां काली से की और लिखा कि कुछ ही महीनों में पश्चिम बंगाल का भाग्य तय होगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य मतदाताओं के फैसले पर निर्भर करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को प्राथमिकता दी है। किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।केंद्र की योजनाओं का हवाला- प्रधानमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालय बने। उज्ज्वला योजना के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को गैस कनेक्शन मिला। अटल पेंशन योजना से 56 लाख वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हुए। किसान सम्मान निधि के तहत 52 लाख से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता दी गई। छोटे व्यापारियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए।शासन और तुष्टिकरण का आरोप- पीएम मोदी ने लिखा कि स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास में अग्रणी था, लेकिन अब स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति को राज्य की गिरती हालत के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार के अभाव में युवा पलायन कर रहे हैं और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। घुसपैठ और हिंसा का मुद्दा- प्रधानमंत्री ने अवैध घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा को गंभीर चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की धरती आज अराजकता में फंसी है। उन्होंने नकली वोटरों का भी जिक्र किया और कहा कि राज्य को अंधकार से बाहर निकालना जरूरी है। परिवर्तन का आह्वान- पत्र के अंत में प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से बदलाव के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से देश के कई राज्यों में जीवन स्तर सुधरा है और पश्चिम बंगाल भी विकास का हकदार है। उन्होंने दोहराया कि अब समय आ गया है कि राज्य विकास और सुशासन की राह चुने।



## शंकराचार्य पर लगे पास्को पर गरमाई प्रदेश की राजनीति, कांग्रेस लिखेगी पीएम मोदी को पत्र; भाजपा ने दिया जवाब



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस मामले में कांग्रेस ने पीएम मोदी को पत्र लिखने की बात कही है।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। मांग की है कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध दर्ज पॉक्सो प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाए। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सत्ता के हंटर से संतों की आवाज़ दबाने की कोशिश की जा रही है। इसे तत्काल बंद किया जाए। उन्हों कहा कि शंकराचार्य पर यह कार्रवाई तब हुई जब उन्होंने कुंभ मेले की अव्यवस्थाओं पर प्रदेश सरकार को घेरा था। यह सीधे तौर पर राजनीतिक प्रतिशोध की बू देता है। कांग्रेस का स्पष्ट मानना है कि अनुच्छेद 25-26 के तहत मिली धार्मिक स्वायत्तता और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा है कि किसी भी आध्यात्मिक पद की गरिमा को सियासी रंजिश का हथियार बनाना लोकतंत्र और संविधान, दोनों के खिलाफ है। इसलिए पूरे मामले में किसी स्वतंत्र या केंद्रीय एजेंसी से जांच कराई जाए। ताकि हकीकत सामने आ सके।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर केस दर्ज कराने वाले शाकुंभरी पीठाधीश्वर के आशुतोष ब्रह्मचारी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार 20 साल पुरानी घटना खोज कर लाई है। इसका मकसद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अपमानित करना है। अगर शिकायतकर्ता स्वामी रामभद्राचार्य का शिष्य है तो मुझसे गलती हुई। मैंने रामभद्राचार्य पर दर्ज केस वापस लिया था। मुझे उनको जेल भेज देना चाहिए था।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने उपमुख्यमंत्री को 100 विधायक लाकर मुख्यमंत्री बनाने का ऑफर दिया था। उन्होंने कहा कि अखिलेश का बयान उनकी हताशा, निराशा और राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है। पंकज चौधरी ने कहा कि सपा नेताओं को अपनी पार्टी की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। उनका जनाधार घट रहा है और संगठन कमजोर हो रहा है। सपा में केवल परिवारवाद और अंतर्कलह ही दिखाई देता है। विपक्ष के पास जनहित के मुद्दे नहीं बचे हैं, इसलिए वह ऐसे बयान देकर सुर्खियां बटोरने का प्रयास कर रहा है। सपा मुखिया को समझना चाहिए

## सीएम योगी ने कौशल प्रशिक्षण प्रस्तुति का किया अवलोकन, प्रशिक्षण परिसर का भ्रमण किया



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ सिंगापुर दौरे पर हैं। इस अवसर पर उन्होंने आईटीई कॉलेज सेंट्रल, सिंगापुर में आईटीई द्वारा कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विषयक विस्तृत प्रस्तुति का अवलोकन किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने आईटीई कॉलेज सेंट्रल, सिंगापुर में आईटीई द्वारा कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विषयक विस्तृत प्रस्तुति का अवलोकन किया एवं कॉलेज के अत्याधुनिक प्रशिक्षण परिसरों का भ्रमण किया।इस अवसर पर तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा, एविएशन स्किल्स एवं उद्योग-संरेखित प्रशिक्षण के क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने हेतु महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (रूश्वह्व) पर हस्ताक्षर संपन्न हुए। यह पहल उत्तर प्रदेश में तीव्र गति से विकसित हो रहे आधारभूत ढांचे एवं रोजगार पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त समर्थन प्रदान करेगी।इस दौरान इन समझौतों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाते हुए उनके शीघ्र एवं सफल क्रियान्वयन का आश्वासन दिया गया। इसके उपरांत परिसर एवं एविएशन हब की अत्याधुनिक सुविधाओं का अवलोकन कर उद्योग-एकीकृत कौशल विकास के उन्नत एवं व्यवहारिक मॉडलों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।


## संपादकीय Editorial

# Rewadi Khata Khata, Votes Quickly

A judicial bench headed by Chief Justice Surya Kant of the Supreme Court has issued a scathing remark on "freebies," or "rewadis," expressing concern that they will hinder the country's economic development. Questions have also been raised as to why political parties and governments announce freebies just before elections. Many state governments are facing heavy debt and losses, yet why are they distributing freebies? If governments continue to distribute freebies, such as free money, free electricity, and free food, who will bear the costs? The Chief Justice has stated that the burden of distributing freebies will ultimately fall on taxpayers. If "rewadis" continue to be distributed, who will work? What kind of culture are we creating? Governments should focus more on job creation rather than "freebies." If someone cannot afford education and basic living expenses, it is the government's responsibility to provide them with facilities. However, the "freebies" are going into the pockets of those who are enjoying themselves. Shouldn't governments pay attention to this? However, the Supreme Court has made a verbal comment, and political party spokespersons are claiming they are not bound to obey the Supreme Court. These are not "freebies," but welfare schemes. We are a welfare democracy, and it is our duty to help the public. Therefore, with apologies, we also ask the Supreme Court: why does it make verbal comments? What good is merely expressing concern? The Constitution has granted the Supreme Court special privileges, and the court has used them to issue judgments. So, why can't orders be issued against freebies? The court should give clear instructions to governments regarding when to announce schemes before elections. It should also define "freebies." The reality is that the country's states have a total debt of over 104 lakh crore rupees. The country also has a debt of ?200.50 lakh crore. Some experts estimate it to be closer to ?225 lakh crore. Despite this, freebies are being distributed. Prime Minister Modi has stated on numerous occasions that the common man does not seek freebies. Freebies are dangerous for the country's development and can destroy the economy. Despite these statements, the Prime Minister-led NDA distributed freebies worth ?10,000 each to women in Bihar and secured a significant number of votes. Bihar is in debt of ?3.61 lakh crore. It was under the Prime Minister's leadership that the strategy of distributing freebies quickly would garner votes. Ironically, neither the Election Commission nor the Supreme Court has commented on this freebie. The ugly and frightening picture of the country is that approximately 57 percent of women in the 15-49 age group are anemic. If the fetus takes shape in the mother's womb at this stage, the child's brain will not develop. Nearly 35 percent of children under the age of five are severely malnourished. The country's health budget still stands at 2 percent of GDP, when it should be around 5.2 percent. Another example of corruption and inefficiency is that a budget of ?67,000 crore was allocated for the Jal Jeevan Mission, but only ?17,000 crore will be spent by March 2026. A ?120 crore scam has been exposed in Gujarat, the Prime Minister's home state. Similar discrepancies have also surfaced in some other states. In such a country, "rewadis" are considered a means of livelihood. Tamil Nadu, from where the petition was filed in the Supreme Court, is in debt of ?10.42 lakh crore. Bengal is in debt of ?7.90 lakh crore, and Kerala is in debt of ?5.04 lakh crore. Elections are due in these states after April this year.

# The self-respect of mother tongues must be nurtured; the original civilization perishes with the language.

International Mother Language Day is celebrated every year on February 21st, inspiring a pledge to preserve languages. It originated with the Language Movement in Bangladesh. Mother tongue is the foundation of identity and culture, but globalization is leading to the extinction of many languages. disappears every two emphasized the children's education. promotes this. Every year, dream to restore the confidence of mother UNESCO declared this Day. This proves that we protecting different celebrating International Language Movement of Pakistan imposed Urdu. University students and February 21, 1952. Police



According to UNESCO, one language weeks. Gandhiji, Tagore, and Kalam also importance of mother tongue in India's new education policy also February 21st brings a pledge and a wounded self-respect and lost self-tongues around the world. In 1999, date as International Mother Language can preserve cultural diversity only by languages. The background of Mother Language Day lies in the Bengali East Pakistan (now Bangladesh), where Dissatisfied with this decision, Dhaka some social organizations protested on opened fire on the protesters, killing several students. In memory of these students, UNESCO declared this day as International Mother Language Day in 1999. It defined mother tongue not as mother tongue, but as mother language. That is, your native language, which can also be called your primary language. This language is the foundation for the formation of our identity and our mental personality. Mother tongue is important because every language has socio-cultural sources. Language connects us to our history, myths, and traditions. This connection becomes a collective identity, becoming extremely valuable. The heartbeat of our culture resides in the concepts, myths, images, and suffixes of our language. But ironically, in the new global landscape and rapidly changing circumstances, many languages ??are struggling for their survival. In this new era of communication, the concept of a "world model" of a common culture, common civilization, and common interests, while erasing cultural diversity and other variations, has posed challenges to the languages ??of developing and underdeveloped countries. Many languages ??around the world are facing a serious threat. Many are on the verge of extinction. UNESCO concludes that one language disappears every two weeks. Soon, a time will come when approximately 1,500 languages ??will cease to be used due to lack of users. When a language dies, an original culture and an original civilization will disappear with it.

The best medium of education for children is their mother tongue. Children learn quickly in their mother tongue, but it is a matter of concern that 40 percent of children worldwide are unable to receive education in the language they speak and understand at home. The theme of this year's International Mother Language Day is "The role of youth in the future of multilingual education." Gandhiji considered the mother tongue as essential for children's mental development as mother's milk is for physical development. Rabindranath Tagore stated that if science is to be made accessible to the masses, it should be taught through the mother tongue. Advocating for the mother tongue to be the medium of instruction, he stated that our minds open to the light of knowledge and the essence of emotion at the age of 13-14. If, at that very age, we are forced to memorize the grammar and vocabulary of a foreign language, how can they remain strong? It is worth noting that Tagore was educated in England through the English medium. When he conceived Visva-Bharati University, he chose Bengali as the medium of instruction. Former President Dr. APJ Abdul Kalam is a powerful example of how education in one's mother tongue can lead to success. He said, "I became a good scientist because I received mathematics and science education in my mother tongue, Tamil." It is a good thing that the Government of India has taken initiative in this direction through the National Education Policy 2020. The implementation of mother tongue-based multilingual education for elementary education has strengthened the education system. Many prosperous countries in the world have achieved progress through their mother tongues. Scientists have established that the 20 leading countries in the world in terms of GDP conduct all their work in their mother tongues. The commitment of the people of Japan, Germany, and France to their mother tongues is well known. We must understand that language is the mint of human culture. Every language in the world holds within itself the story of a culture. Every language is full of infinite possibilities for word creation. Therefore, the self-respect of mother tongues must be nurtured. It is the responsibility of all Indians to take meaningful steps towards the preservation of mother tongues to preserve the beauty of our country's linguistic diversity. We must instill in the younger generation the resolve to consider their mother tongue as a shield of existence and not let its power and strength be forgotten.

# The US Supreme Court has put a stop to Trump's arbitrariness.

The US Supreme Court has declared the tariffs imposed by President Trump on several countries, including India, illegal, thus putting a stop to his arbitrariness. This decision is a major political blow for Trump, especially ahead of the midterm elections. However, Trump immediately issued an imposing a 10% tariff. The Trump could take India must be cautious. The has declared Trump's tariffs political blow for Trump, elections. India must be unpredictable policies. who boasted of "I love favorite word," has been put Supreme Court. It has imposed by the US President including India, illegal. Supreme Court judges, deemed Trump's tariff policy jurisdiction. This shows how blatantly disregarding the when it comes to tariffs. This decision not only undermines but also weakens him




executive order article warns that unexpected steps, and US Supreme Court illegal. This is a ahead of the midterm cautious of Trump's President Trump, tariffs" and "that's my to rest by the US declared the tariffs on several countries, Notably, even the two appointed by him, beyond their Trump has been rules and regulations Supreme Court Trump's tariff policy politically, as he has been caught committing an illegal act. Trump, through his tariff policy, was trying to create an atmosphere among his supporters that he was making America prosperous, but now they too will feel betrayed, especially at a time when the US midterm elections are approaching. The Supreme Court's decision will further erode Trump's waning popularity and may cause him political losses. However, it is certain that he will not rest easy. A proof of this is that just hours after the Supreme Court's decision, he issued an executive order imposing a 10 percent tariff on all countries. Although the duration of this order will be only five months, Trump may try to resort to other measures in the meantime. Trump may impose additional tariffs on certain countries, accusing them of unfair and discriminatory trade practices with the US. Similarly, tariffs can be raised on imports that pose a threat to US security. However, to implement these measures, they must prove through investigation that certain countries are actually pursuing unfair trade policies or exporting products that pose a threat to US security. Because Trump is preoccupied with pursuing his own interests and enhancing his image under the guise of making America great again, he may make arbitrary, unpredictable, and globally problematic decisions on matters other than tariffs. To distract his people, he may attack Iran, which he is already engaged in encircling. He may also turn his attention to Cuba and some other countries. In any case, India will have to remain wary of him even after an interim trade agreement is reached with the US, as he is no longer trustworthy.

# नवीन मंडी स्थल पर छापा, 8.25 लाख का खजूर सीज, खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई

मुरादाबाद । रमजान व होली के दौरान जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नवीन मंडी स्थल में छापेमारी करने के अलावा बिलारी में भी दुकान की जांच की। मंडी में लोकल खजूर को कर लोगों को चूना लगाने की शिकायत का खजूर सीज कर दिया। वहीं बिलारी में दौरान 168 लीटर सरसों का तेल जब्त अफरा तफरी मच गई।सहायक आयुक्त खाद्य में टीम नवीन मंडी स्थल पहुंची। यहां पर खजूर को महंगे दाम पर बेचने के लिए में भरकर बेचने की शिकायत विभाग को निर्देश पर टीम की छापेमारी से मंडी में ईशा डेट्स कंपनी पर छापेमारी में खजूर के 1500 किलो खजूर जिसका मूल्य सीज किया। इसके अलावा टीम ने मेसर्स छापेमारी में खजूर के दो नमूने लिए और 5,12,400 रुपये और 828 किलोग्राम 2,07,000 को सीज कर दिया। नमूनों को भेजा। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन टीम में यादव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा



कई ब्रांडेड कंपनी के नाम पैकिंग पर टीम ने सवा आठ लाख कीमत एक प्रतिष्ठान पर छापेमारी के किया। कार्रवाई से दुकानदारों में सुरक्षा राजवंश प्रकाश के नेतृत्व कुछ कारोबारियों के द्वारा लोकल नामी ब्रांडेड कंपनियों के पैकिंग मिली थी। जिलाधिकारी के हड़कंप मच गया। टीम ने मेसर्स दो नमूने लिए। साथ ही लगभग 1,05,000 रुपये बताया गया को अल वदूद डेट्स के प्रतिष्ठान पर 7320 किलोग्राम मूल्य कीमिया गोल्ड ब्रांड खजूर मूल्य जांच के लिए टीम ने प्रयोगशाला कमलेश कुमार, कृष्ण गोपाल भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। श्रीवास्तव ने बताया कि जन नहीं जाएगा। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी। बिलारी में 168 लीटर सरसों का तेल जब्त किया ,इसके अलावा प्रवर्तन दल ने एक अन्य स्थान बिलारी में मेसर्स गोपाल की दुकान पर छापेमारी की। यहां से सरसों के तेल का नमूना लेने के बाद 168 लीटर सरसों का तेल सीज किया, जिसकी अनुमानित कीमत 28,560 रुपये बताई गई।

## एएसआई के वकील बोले बिना अदालत की इजाजत नहीं होगी रंगाई पुताई

मुरादाबाद । विवादित धार्मिक स्थल श्री हरिहर मंदिर बनाम शाही जामा मस्जिद परिसर की रंगाई-पुताई को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है।



मस्जिद इंतजामिया कमेटी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिवक्ता ने इस मुद्दे पर अपने-अपने पक्ष रखे हैं। अधिवक्ता विष्णु शर्मा ने कहा कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक लगी हुई है। ऐसे में बिना न्यायालय के स्पष्ट आदेश के कोई भी रंगाई-पुताई नहीं कराई जा सकती। उन्होंने बताया कि पिछली बार उच्च न्यायालय के आदेश पर एएसआई की देखरेख में बाहरी हिस्से की रंगाई-पुताई कराई गई थी। यदि भविष्य में कार्य होगा तो वह भी न्यायालय के निर्देशानुसार एएसआई द्वारा ही कराया जाएगा। वहीं मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष जफर अली एडवोकेट का कहना है कि मस्जिद में वर्षों से रमजान माह में नियमित रूप से साफ-सफाई और रंगाई-पुताई होती रही है। इस संबंध में एएसआई को रजिस्टर्ड डाक और ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर अंदरूनी हिस्से की भी पुताई की अनुमति मांगी गई है। उनका कहना है कि बारिश और धूल के कारण पूर्व में कराई गई पुताई खराब हो चुकी है।

## आठ झांकियां, ढोल-बैंड और ब्रज की लट्ठमार होली का रहेगा आकर्षण

मुरादाबाद । राष्ट्रीय पर्व होली समिति की ओर से 27 फरवरी को 88वीं रंग एकादशी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। इस बार शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की फूलों की होली, लट्ठमार होली और महादेव की बारात विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाली इस यात्रा के स्वागत की तैयारियां संगठनों ने की है। शोभायात्रा का आरंभ दोपहर दो बजे खत्री धर्मशाला, बाजीगरान से होगा। इसके बाद यह मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखापुल, गंज गुरहट्टी चौराहा, ताड़ीखाना का चौराहा



होते हुए बुध बाजार पुलिस चौकी पर पहुंचकर संपन्न होगी। मार्ग में पुष्पवर्षा, रंग-गुलाल और शीतल पेय वितरण की व्यवस्था रहेगी। समिति अध्यक्ष आरके टंडन ने बताया कि कार्यक्रम की अनुमति के लिए जिला व पुलिस प्रशासन से पत्राचार जारी है। यात्रा को शांतिपूर्ण, भव्य और पारंपरिक स्वरूप देने के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई जा रही है।राधा-कृष्ण की होली से बरसेगा रंग- शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी के साथ ब्रज की लट्ठमार होली का जीवंत मंचन किया जाएगा। कलाकार पारंपरिक ब्रज की वेशभूषा में फाग गीतों पर रंग-गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओं को वृंदावन की होली का अहसास कराएंगे। श्रद्धालु भी इस झांकी के दर्शन कर भावविभोर होंगे। महादेव की बरात का अद्भुत स्वरूप- महादेव की बरात की झांकी शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहेगी। शिव, पार्वती, गणों और भूत-प्रेत स्वरूपों के साथ सजी बारात भक्तों का ध्यान खींचेगी। ढोल-नगाड़ों की थाप पर निकलेगी यह झांकी उत्सव में आध्यात्मिक रंग घोलेगी। ये रहेंगे अन्य आकर्षण, 87 साल से चल रही परंपरा- इस शोभायात्रा की शुरुआत वर्ष 1939 में स्वर्गीय विशंभर नाथ टंडन ने की थी। 88वें वर्ष में प्रवेश कर रही यह परंपरा शहर की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। इस बार शोभायात्रा में आठ आकर्षक झांकियों के साथ छह ढोल, दो बैंड और चार घोड़ों पर सवार पारंपरिक स्वरूप शोभायात्रा में शामिल होंगे।

## दर्दनाक हादसा: यूपी बोर्ड परीक्षा देने जा रहे तीन छात्रों की ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौत

टांडा थाना क्षेत्र के सरकथल के पास सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यूपी बोर्ड बोर्ड परीक्षा देने जा रहे 10वीं के दो छात्रों मनु, अरुण सैनी और विनय शर्मा की ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से



मौत हो गई। जिसमें एक अन्य छात्र विनीत गंभीर रूप से घायल हो गया। रेनबो इंटर कॉलेज के 10वीं कक्षा के चार छात्र विनीत पुत्र ज्ञान सिंह, विनय शर्मा पुत्र पुष्पेंद्र शर्मा, मनु चौहान पुत्र अमित चौहान निवासी फत्ता वाला और अरुण सैनी पुत्र भगवान दास निवासी मझोला लाइन पार मुरादाबाद सनराइज इंटर कॉलेज टांडा में बोर्ड परीक्षा देने जा रहे थे। क्षत्रिय कुलभूषण इंटर कॉलेज सरकथल के सामने उनकी बाइक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से भीषण टक्कर हो गई। दुर्घटना की सूचना तुरंत 108 एम्बुलेंस को दी गई। घायलों को तुरंत टांडा सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मनु चौहान, अरुण सैनी और विनय शर्मा को मृत घोषित कर दिया। वहीं विनीत को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया है। मृतक अरुण सैनी अपने मामा के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। इस हृदय विदारक घटना के बाद परिवारों में कोहराम मच गया है। सूचना मिलने पर सभी के परिजन जिला अस्पताल में मोर्चरी पर पहुंच गए हैं।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए बूथों पर जुटे लोग

रामपुर। एसआईआर के तहत रविवार को बूथों पर वोटर बनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी, वहीं बीएलओ ने बूथों पर मतदाताओं के नाम पढ़कर सुनाए। इस दौरान तमाम लोगों ने फॉर्म छह भरकर नाम जुड़वाने की कवायद की। अफसरों ने भी इस दौरान बूथों का निरीक्षण कियालोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए इन दिनों मतदाता सूचियों का वृहद पुनरीक्षण अभियान चला रहा है। इसके तहत रविवार को मतदाता सूचियों को पढ़ने का काम किया गया। शहर से लेकर गांवों तक बूथों पर मतदाता नजर आए। यहां पर बूथों पर लोगों की भीड़ देखी गई।शहर के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय बॉकर इंटर कॉलेज, रफत मांटेसरी स्कूल, रजा इंटर कॉलेज, जिला पंचायत कार्यालय समेत अन्य स्थानों पर भीड़ देखी गई। यहां काफी संख्या में पहुंचे मतदाताओं ने फार्म भरे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान नेहरू इंटर कन्या कॉलेज, मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय संविलियन बेनजीरपुरा तथा राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची के अद्यतन कार्य, बीएलओ की उपस्थिति, आवश्यक प्रपत्रों की उपलब्धता तथा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन संबंधी कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### रामपुर में परीक्षा देने जा रहे छात्रों की बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, तीन छात्रों ने तोड़ दिया दम

रामपुर में परीक्षा देने जा रहे छात्रों की बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इसमें तीन छात्रों की जान चली गई। एक गंभीर



रूप से जख्मी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामपुर जिले में हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे चार छात्रों को टांडा क्षेत्र के दढ़ियाल मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। हादसे में तीन छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके से बाइक को कब्जे में ले लिया है।बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह चारों छात्र दढ़ियाल से टांडा परीक्षा केंद्र की ओर जा रहे थे। इसी दौरान आगे चल रहे ट्रैक्टर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रहे बाइक सवार छात्र संभल नहीं सके और ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा भिड़े। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीन छात्रों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।उनकी पहचान अरुण, विनय और मनु के रूप में हुई है। घायल छात्र का नाम बादल बताया गया है। उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अरुण मूल रूप से मुरादाबाद का रहने वाला था और फत्तावाला में अपनी नानी के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। विनय और मनु दढ़ियाल क्षेत्र के निवासी थे। दोनों पड़ोसी और किसान परिवार से थे। एक साथ परीक्षा देने निकले दोस्तों की मौत से गांव में मातम पसरा है। घटनास्थल से पुलिस को एक दुर्घटनाग्रस्त बाइक मिली है। अब पुलिस इस बिंदु की जांच कर रही है कि चारों छात्र एक ही बाइक पर सवार थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी कब्जे में लिया गया है। उसके चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### अमरोहा में भाजपा विधायक की कार में पथराव, शराब के नशे में जमकर बवाल, चौकी प्रभारी समेत तीन निलंबित

मंडी धनौरा विधायक की कार में कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इससे मौके पर जमकर हंगामा हो गया। एसपी ने चौकी प्रभारी समेत तीन कर्मियों को निलंबित कर दिया। अमरोहा मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर भाजपा विधायक राजीव तरारा की कार से बाइक टकराने के बाद हुए हंगामे में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में लापरवाही मानते हुए कस्बा चौकी इंचार्ज जुगल किशोर, वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश मौर्य और लेपर्ड पर तैनात सिपाही अंकुश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।उधर विधायक की ओर से हत्या के प्रयास और लूट की धाराओं में तहरीर थाने में दी गई है। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। विधायक राजीव तरारा अमरोहा की ओर जा रहे थे। रेलवे फाटक के पास उनकी कार में पीछे से एक बाइक आकर टकरा गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद विधायक के सुरक्षाकर्मी वाहन से बाहर आए और बाइक सवार युवकों से विरोध जताया। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि सुरक्षाकर्मी के एक युवक को थप्पड़ मारने पर विवाद बढ़ गया और मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। विधायक का कहना है कि युवकों ने उनकी कार पर पीछे से पत्थर फेंके और ड्यूटी पर तैनात सिपाही की कार्बाइन छीनने की कोशिश की। घटना से कुछ देर के लिए रेलवे फाटक के पास अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश मौर्य ने पत्थर फेंकने की बात से इनकार करते हुए कहा कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और वहां हंगामा कर रहे थे। हालांकि विधायक ने अपने साथ हुई घटना को गंभीर बताते हुए हत्या के प्रयास और लूट की तहरीर थाने में दी है। सीओ पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और उसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। घटना की गंभीरता और प्रारंभिक स्तर पर पुलिस की भूमिका को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिसकर्मियों को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# कैंसर में कब और क्यों जरूरी होती है सर्जरी, जानें सही समय और सही इलाज

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली~ भारत में पिछले दो दशकों में कैंसर के इलाज में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आज कैंसर के उपचार में सर्जरी एक महत्वपूर्ण और प्रभावी विकल्प है, जिसे मरीज की बीमारी की अवस्था और प्रकार के अनुसार अलग-अलग तरीकों से अपनाया जाता है। आम तौर पर सर्जरी तीन स्थितियों में की जाती है–पहला, जब यह मुख्य और अंतिम उपचार के रूप में पर्याप्त हो; दूसरा, जब इसे कीमोथेरेपी या रेडियोथेरेपी के साथ मिलाकर किया जाए; और तीसरा, जब रोग बहुत उन्नत अवस्था में हो और सर्जरी का उद्देश्य लक्षणों से राहत देना हो। प्रारंभिक अवस्था के कैंसर में सर्जरी अक्सर निर्णायक उपचार साबित होती है। ऐसे मामलों में केवल ऑपरेशन से ही मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता है। विशेष रूप से स्क्रीनिंग के माध्यम से शुरुआती चरण में पकड़े गए कैंसर के परिणाम सर्जरी के बाद अत्यंत अच्छे होते हैं। आजकल स्तन, मुखगुहा, गर्भाशय, अंडाशय और कोलन के शुरुआती कैंसर का उपचार लैप्रोस्कोपिक या रोबोटिक जैसी मिनिमली इनवेसिव तकनीकों से किया जा रहा है, जिससे कम रक्तस्राव, कम दर्द और तेजी से रिकवरी संभव होती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. प्रतीक वार्ष्णेय ने बताया स्तन, मुख और गर्दन के कैंसर में रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी ने न केवल कार्यात्मक बल्कि कॉस्मेटिक परिणामों को भी बेहतर बनाया है। ओरल कैंसर में फ्री फ्लैप सर्जरी से मरीजों की बोलने और खाने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार आया है। इसी तरह शुरुआती स्तन कैंसर में ऑनकोप्लास्टिक सर्जरी से बेहतर सौंदर्य परिणाम मिल रहे हैं। पेट से जुड़े शुरुआती कैंसर जैसे कोलन, गर्भाशय और अंडाशय में कीहोल सर्जरी (लैप्रोस्कोपिक या रोबोटिक) ने उपचार के परिणामों को काफी बेहतर किया है। जब कैंसर स्थानीय रूप से उन्नत अवस्था में होता है, तब सर्जरी से पहले कीमोथेरेपी या रेडियोथेरेपी दी जाती है, ताकि ट्यूमर का आकार कम हो सके और ऑपरेशन संभव हो पाए। इस तरह के संयोजन उपचार से इसोफेगस, पेट, रेक्टम और फेफड़ों के कैंसर में बेहतर परिणाम देखे गए हैं। स्त्री रोग संबंधी कैंसर, विशेषकर अंडाशय के कैंसर में, प्री-ऑपरेटिव कीमोथेरेपी या इम्यूनोथेरेपी/टारगेटेड थेरेपी के माध्यम से ट्यूमर को छोटा कर सर्जरी योग्य बनाया जा सकता है। कुछ मामलों में HIPEC (हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी) के रूप में सर्जरी और कीमोथेरेपी को एक साथ भी किया जाता है, जिससे पेट के अंदर फैले कैंसर में लाभ मिलता है। अत्यधिक उन्नत या मेटास्टेटिक कैंसर में सर्जरी का उद्देश्य रोग को पूरी तरह खत्म करना नहीं, बल्कि मरीज को राहत देना होता है। ऐसे मामलों में भोजन में रुकावट, आंतों में अवरोध या असहनीय दर्द जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए सर्जरी की जाती है। कभी-कभी आंतों के अवरोध को दूर करने के लिए बाईपास सर्जरी करनी पड़ती है। हाल के वर्षों में PIPAC (इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी) जैसी एडवांस प्रक्रिया भी उन्नत पेट के कैंसर में सहायक साबित हो रही है। निष्कर्षत:, कैंसर में सर्जरी की भूमिका मरीज की स्थिति के अनुसार अलग-अलग हो सकती है। आधुनिक तकनीक ने उपचार को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाया है, लेकिन अंतत: सही निर्णय लेने में सर्जन का अनुभव और विशेषज्ञता ही सबसे महत्वपूर्ण होती है, ताकि हर मरीज को उसकी बीमारी के अनुसार सर्वोत्तम उपचार मिल सके।



# पांच सड़कों के चौड़ीकरण के लिए काटे जाएंगे दो हजार से अधिक पेड़

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले की पांच सड़कों के चौड़ीकरण के लिए हरियाली पर आरी चलेगी। कुल 2,112 पेड़ काटे जाएंगे। बिजली के 1,016 खंभों को भी शिफ्ट किया जाएगा। सड़कों के टेंडर हो चुके हैं। पेड़ों की कटाई का काम वन विभाग को व बिजली के खंभों की शिफ्टिंग का काम विद्युत निगम को दे दिया गया है। पीडब्ल्यूडी 66.51 करोड़ रुपये की लागत से इन सड़कों का चौड़ीकरण कराएगा। राज्य सड़क निधि योजना के तहत मिर्जापुर से नरखेड़ा मंडवा वंशीपुर होते हुए आनंदपुर मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जाना है। 12.57 किमी मार्ग को 26.39 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। पेड़ों की कटाई व बिजली के खंभों की शिफ्टिंग पर 93 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यहां 636 पेड़ काटे जाएंगे, जबकि 365 खंभों को हटाया जाएगा। फरीदपुर बीसलपुर मार्ग से रसूला चौराहे से ककरा कला होते हुए रम्पुरा प्रवीण मार्ग के चौड़ीकरण (13.30 किमी) पर 27.88 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां 491 पेड़ों को काटा जाएगा। 304 खंभे शिफ्ट किए जाएंगे। बरेली जिले की पांच सड़कों का चौड़ीकरण होना है। इन सड़कों के दोनों तरफ खड़े पेड़ों को काटा जाएगा। पेड़ों की संख्या दो हजार से अधिक है। बिजली के खंभे भी शिफ्ट किए जाएंगे। बरेली जिले की पांच सड़कों के चौड़ीकरण के लिए हरियाली पर आरी चलेगी। कुल 2,112 पेड़ काटे जाएंगे। बिजली के 1,016 खंभों को भी शिफ्ट किया जाएगा। सड़कों के टेंडर हो चुके हैं। पेड़ों की कटाई का काम वन विभाग को व बिजली के खंभों की शिफ्टिंग का काम विद्युत निगम को दे दिया गया है। पीडब्ल्यूडी 66.51 करोड़ रुपये की लागत से इन सड़कों का चौड़ीकरण कराएगा। आंवला-बदायूं मार्ग का भी होगा चौड़ीकरण - आंवला से उसैला मार्ग (5.81 किमी) का चौड़ीकरण 11.87 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। इस मार्ग पर 203 पेड़ काटे जाएंगे और 135 खंभे शिफ्ट किए जाएंगे। आंवला बदायूं मार्ग के आठ किमी हिस्से के चौड़ीकरण पर 14.41 करोड़ खर्च होंगे। यहां 690 पेड़ काटे जाएंगे और 84 खंभों को शिफ्ट किया जाएगा। इंडस्ट्री लाजिस्टिक पार्क योजना से आंवला रेलवे पोषक मार्ग के चौड़ीकरण पर 9.72 करोड़ खर्च होंगे। यहां 92 पेड़ काटे जाएंगे और 128 खंभे शिफ्ट किए जाएंगे। वन निगम से मिली एनओसी, विद्युत निगम को दिया खर्च ,इन पांच मार्गों पर पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग ने वन निगम से एनओसी ले रखी है। जल्दी ही पेड़ों की कटाई शुरू की जाएगी। बिजली के खंभों को शिफ्ट करने के लिए पीडब्ल्यूडी की तरफ से विद्युत निगम को बजट दे दिया गया है। पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता राजीव अग्रवाल ने बताया कि पांचों सड़कों के चौड़ीकरण में दो हजार से अधिक पेड़ काटे जाएंगे और एक हजार से अधिक बिजली के खंभे शिफ्ट किए जाएंगे। कटने वाले पेड़ों के बदले दूसरी जगह पौधरोपण के लिए रकम जमा कर दी गई है। सड़कों के लिए टेंडर हो चुके हैं। जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

**14 मार्च, 2026 लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, बैंक लोन इत्यादि जैसे विवादों का किया जाएगा निस्तारण**

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 14 मार्च, 2026 शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।




अपर जिला जज उमाशंकर कहार, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, द्वारा बताया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लघु प्रकृति के वाद, चलानी वाद, 138 एन आई एक्ट के वाद, पारिवारिक मामलों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के वाद और बैंक संबंधी लोन के विवादों का निस्तारण सुलह समझौता एवं अभीस्वीकृति के आधार पर किया जा सकता है। 11 मार्च, 2026 से 13 मार्च, 2026 तक लग रही है विशेष लोक अदालत अपर सिविल जज (सी.डि.) श्रीमती जया प्रियदर्शिनी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली ने बताया कि जनपद बरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लघु आपराधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया जा रहा है। सभी न्यायालयों द्वारा लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण के लिए वादों का चयन किया गया है, जिनका सफल निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली सचिव द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने वादों का सफल निस्तारण कराएं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा यह भी बताया गया कि उपरोक्त लोक अदालतों को सफल बनाने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा नामित सभी पराविधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति अलग-अलग तहसील, ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्रों मे की गई है, जिससे आम जनता को लोक अदालत के प्रति जागरूक किया जा सके और लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।


## किप्स स्वीट्स और दीनानाथ लस्सी से लड्डू और दही के नमूने भरे

